**(2) डिजिटल कंप्यूटर** : ऐसे कंप्यूटर 0 और 1 की डिजिटल तकनीक का प्रयोग करते हैं। ये उन डिजिटल परिमाणों का संसाधन करते हैं, जिनमें विभिन्न मूल्यमान होते हैं। अधिकांश कंप्यूटर इसी पद्धति पर कार्य करते हैं। अन्य तकनीकों की तुलना में यह तकनीक तीव्र गति से शुद्ध परिणाम देती है।

## ► कंप्यूटर के मुख्य भाग

कंप्यूटर सिस्टम के दो मुख्य भाग होते हैं – हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर।

**हार्डवेयर** में कंप्यूटरों के वे समस्त पार्ट्स शामिल हैं, जो दिखाई देते हैं अथवा जिन्हें हम स्पर्श कर सकते हैं, जैसे– माउस, कुँजीपटल, इलैक्ट्रॉनिक और इलैक्ट्रिक सर्किट, मॉनिटर इत्यादि।

## ► हार्डवेयर

कंप्यूटर हार्डवेयर में निम्नलिखित महत्वपूर्ण **Devices** शामिल हैं :

**(1) इनपुट उपकरण**
**(2) प्रोसेसिंग यूनिट**
**(3) आउटपुट उपकरण**
**(4) सेकेंडरी स्टोरेज उपकरण**

► **इनपुट उपकरण** : ये वे उपकरण हैं, जिनके द्वारा कंप्यूटर को निर्देश दिए जाते हैं कि उसे कैसे और क्या काम करना है। इसमें निम्नलिखित उपकरण शामिल हैं :

- ► कुँजीपटल
- ► माउस
- ► जॉय-स्टिक
- ► स्कैनर
- ► माइक
- ► कैमरा

► **प्रोसेसिंग यूनिट** : अर्थमेटिक-लॉजिक यूनिट (**ALU**) और कंट्रोल यूनिट (**CU**) से मिलकर सेंट्रल प्रोसेसिंग यूनिट (**CPU**) बनती है। सेंट्रल प्रोसेसिंग यूनिट प्रयोक्ता (**User**) द्वारा दिए गए निर्देशों का संसाधन करती है और अपेक्षित परिणाम प्रदर्शित करती है।

► **आउटपुट उपकरण** : आमतौर पर प्रयोग किए जाने वाले आउटपुट उपकरण निम्नलिखित हैं:

- ► मॉनिटर
- ► प्रिंटर
- ► स्पीकर